# UPPCS-RO/ARO-BEO

## हल प्रश्न-पत्र

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्नावलोकन (वस्तुनिष्ठ रूप में)

विगत वर्षों के प्रश्नों की अध्यायवार व्याख्या ( विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक रूप में )
अतिरिक्त पाठ्य सामग्री के साथ

# भारत का इतिहास
## तथा
# भारत एवं विश्व का भूगोल

- UPPCS प्रारंभिक परीक्षा (2002-23)
- UPPSC RO/ARO प्रारंभिक परीक्षा (2010-21)
- UPPCS मुख्य परीक्षा (2003-17)
- UPPSC RO/ARO मुख्य परीक्षा (2010-21)
- UPPSC BEO प्रारंभिक परीक्षा (2006-2007, 2020)

**संपादक**
एन. एन. ओझा

**संकलन व हल**
क्रॉनिकल संपादकीय समूह

CHRONICLE
CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# अनुक्रमणिका

## भाग-A : भारत का इतिहास


1. प्राचीन भारत ........ [A] 1–31
2. मध्यकालीन भारत ........ [A] 32–54
3. आधुनिक भारत ........ [A] 55–109
4. कला एवं संस्कृति ........ [A] 110–124
5. उत्तर प्रदेश विशेष ........ [A] 125–136


## भाग-B : भारत का भूगोल


- भौतिक भूगोल ........ [B] 1–36
- सामाजिक भूगोल ........ [B] 37–40
- आर्थिक भूगोल ........ [B] 41–72
- उत्तर प्रदेश विशेष ........ [B] 73–80


## भाग-C : विश्व का भूगोल


- भौतिक भूगोल ........ [C] 1–39
- सामाजिक भूगोल ........ [C] 40–42
- आर्थिक भूगोल ........ [C] 43–56

# पुस्तक के संबंध में

प्रिय पाठक

यह पुस्तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समस्त परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। पुस्तक को इस स्वरूप में तैयार करने का मुख्य कारण वर्तमान परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का विस्तृत होता दायरा है।

विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों पर शोध करने से यह ज्ञात होता है कि अब प्रश्न पूर्व की भांति हू-ब-हू पुनरावृत्ति (रिपीट) न होकर पूर्व में पूछे गए प्रश्नों की विषय वस्तु से ही संबंधित होते हैं, इसलिए वर्तमान में सिर्फ पूछे गए प्रश्नों का अध्ययन करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि प्रश्नों की परिवर्तित प्रकृति को जानकर उसे परीक्षोपयोगी दृष्टिकोण से समझना अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रस्तुत पुस्तक उपरोक्त आवश्यकता को संबोधित करती है, क्योंकि इसका संकलन न सिर्फ पूछे गए प्रश्नों के आधार पर किया गया है, बल्कि इसमें उन सभी तथ्यों और जानकारियों को भी समाहित किया गया है, जिनसे भविष्य में प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

पुस्तक में यूपीपीसीएस मुख्य परीक्षा और UPPSC-RO/ARO मुख्य परीक्षा के सभी वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों को भी समाहित किया गया है। पूछे गए प्रश्नों के शोध के दौरान हमें यह भी ज्ञात हुआ है कि वर्तमान समय में प्रश्न, पूर्व में आयोजित की गई मुख्य परीक्षाओं के प्रश्नों या उनकी विषय वस्तुओं से भी काफी अधिक संख्या में पूछे जा रहे हैं। अतः संकलन में हमने मुख्य परीक्षा के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को भी समाहित किया है।

पुस्तक में विगत वर्षों के प्रश्नों का त्रुटिरहित उत्तर प्रदान करने का प्रयास किया गया है। सभी उत्तर आयोग द्वारा जारी उत्तर कुंजी के अनुरूप हैं।

पुस्तक में सही विकल्पों के अतिरिक्त अन्य विकल्पों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी भी प्रदान की गई है तथा इस अतिरिक्त पाठ्य सामग्री को **व्याख्या** के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह अतिरिक्त पाठ्य सामग्री अभ्यर्थियों के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होगी। इस पुस्तक में प्रश्नों के हल के पश्चात की गई व्याख्या का अध्ययन उस प्रश्न से संबंधित विषय या टॉपिक पर पाठ्य सामग्री की जरूरत को पूरा करता है।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों की पुनरावृत्ति राज्य के अन्य आयोगों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं [**प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET), प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, शिक्षक भर्ती परीक्षा तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड आदि द्वारा आयोजित परीक्षाएं**] में भी होती है। अतः यह संकलन परीक्षार्थियों के लिए भविष्य में आयोजित होने वाली समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नों के अभ्यास हेतु भी उपयोगी है।

उम्मीद है कि क्रॉनिकल प्रकाशन समूह की यह पुस्तक आप सभी अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी तथा बाजार में उपलब्ध अन्य हल प्रश्न-पत्रों से अपनी अलग पहचान स्थापित करेगी।

**संपादक**

# प्राचीन भारत

**प्रश्नः 'मिलिन्द पन्हो' राजा मिलिन्द तथा एक बौद्ध भिक्षु के मध्य संवाद रूप में है। वह भिक्षु थे–**

(a) नागार्जुन (b) कुमारिल भट्ट
(c) नागभट्ट (d) नागसेन

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** मिलिन्दपन्ह ग्रंथ में यूनानी नरेश मिनांडर (मिलिन्द) एवं बौद्ध भिक्षु नागसेन के बीच बौद्ध मत पर वार्तालाप का वर्णन है।

**व्याख्याः** मिनांडर की राजधानी शाकल थी। भारत में राज्य करते हुए वह बौद्ध श्रमणों के संपर्क में आया और आचार्य नागसेन से उसने बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। इस पुस्तक में मिलिंद द्वारा पूछे गए सवालों के अभिलेख और बाद में नागेश्वर द्वारा दिये गए उत्तर हैं।

❖ मिलिंद (मिनांडर) बैक्ट्रिया का राजा था जिसने दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में वहां शासन किया था।

**प्रश्नः वैदिक कालीन प्रशासन में 'भागदुह' कौन अधिकारी था?**

(a) राजस्व कर जमा करने वाला
(b) समाचार पहुंचाने वाला दूत
(c) जंगलों का प्रधान अधिकारी
(d) जुआ विभाग का प्रधान अधिकारी

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (a),** भागदुह को राजस्व समाहर्ता के रूप में जाना जाता था।

**व्याख्याः** समाज पितृसत्तात्मक था। संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलित थी। परिवार का मुखिया 'कुलप' कहलाता था। परिवार कुल कहलाता था। कई कुल मिलकर ग्राम, कई ग्राम मिलकर विश, कई विश मिलकर जन एवं कई जन मिलकर जनपद बनते थे।

अन्य अधिकारी– व्रजपति–चरागाह भूमि का अधिकारी (प्रभारी)–संग्रिहित्री–कोषाध्यक्ष

**प्रश्नः प्राचीन काल के भारत पर आक्रमणों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही कालानुक्रम है?**

(a) शक - यूनानी - कुषाण (b) यूनानी - शक - कुषाण
(c) शक - कुषाण - यूनानी (d) यूनानी - कुषाण - शक

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (b),** भारत पर आक्रमण करने वाले निम्नलिखित कर्म में आए थे– यूनानी, शक और कुषाण

**व्याख्याः** यूनानी आक्रमण– सिकंदर ने भारत पर 326 ई.पू. में आक्रमण किया था। इस समय भारत के पश्चिमोत्तर भारत की स्थिति 28 राज्यों में विभाजित थी, मौर्योत्तर काल में आक्रमण करने वाले शासक यूनानी–शक–कुषाण थे।

❖ कुषाण वंश का संस्थापक कुजुल कडफिसेस था। कनिष्क की राजधानी पुरुषपुर और मथुरा थी।

**प्रश्नः सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (पुरातात्विक स्थल) | सूची-II (वर्तमान स्थान) |
|---|---|
| (A) नेवासा | (1) राजस्थान |
| (B) ईसमपुर | (2) तमिलनाडु |
| (C) डीडवाना | (3) महाराष्ट्र |
| (D) गुडियाम गुफा | (4) कर्नाटक |

**कूटः**

(a) A-(3), B-(2), C-(4), D-(1)
(b) A-(4), B-(3), C-(1), D-(2)
(c) A-(3), B-(4), C-(1), D-(2)
(d) A-(3), B-(4), C-(2), D-(1)

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** सही सुमेलित हैं–

नेवासा– महाराष्ट्र

ईसमपूर– ईसमपुर छिबरामऊ, कन्नौज, उत्तर प्रदेश स्थित एक गाँव है।

डीडवाना– राजस्थान

गुडियाम गुफा– तमिलनाडु

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन हड़प्पा संस्कृति के पूर्वी सीमांत का निर्धारण करता है?**

(a) मांडा (b) आलमगीरपुर
(c) राखीगढ़ी (d) हड़प्पा

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (b),** हड़प्पा सभ्यता की पूर्वी सीमा आलमगीरपुर (हिंडन नदी के किनारे/मेरठ तक) था

**व्याख्याः** हड़प्पा सभ्यता के उत्तर में मांडा (जम्मू और कश्मीर) दक्षिण में दैमाबाद (महाराष्ट्र में नर्मदा नदी के मुहाने तक) तथा पश्चिम में सुत्कांगेडोर (पाकिस्तान में बलूचिस्तान के मकरान समुद्रतट तक) है।

❖ यह सभ्यता ताम्र कांस्य युगीन सभ्यता थी। सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा संस्कृति भी कहा जाता है। इसका काल निर्धारण लगभग 2600 और 1900 ईसा पूर्व के बीच किया गया है।

❖ इस क्षेत्र में इस सभ्यता से पहले और बाद में भी संस्कृतियां अस्तित्व में थीं, जिन्हें क्रमशः आरंभिक तथा परवर्ती हड़प्पा कहा जाता है।

❖ इन संस्कृतियों से हड़प्पा सभ्यता को अलग करने लिए कभी-कभी इसे विकसित हड़प्पा संस्कृति भी कहा जाता है।

# मध्यकालीन भारत

**प्रश्नः सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| **सूची-I पुस्तक** | **सूची-II विषय** |
|---|---|
| (A) मिरात-ए-सिकंदरी | (1) बंगाल का इतिहास |
| (B) बुरहान-ए-माशिर | (2) बहमनी के अहमदनगर का इतिहास |
| (C) रियाज-उस-सलातिन | (3) महमूद गवां के पत्रों का संग्रह |
| (D) रियाज-उल-इंशा | (4) गुजरात विजय |

**कूटः**

(a) A-(2), B-(4), C-(1), D-(3)
(b) A-(4), B-(2), C-(1), D-(3)
(c) A-(4), B-(2), C-(3), D-(1)
(d) A-(1), B-(2), C-(4), D-(3)

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** मिरात-ए-सिकंदरी – गुजरात विजय
बुरहान-ए माशिर – बहमनी के अहमदनगर का इतिहास
रियाज-उस-सलातीन – महमूद गवां के पत्रों का संग्रह
रियाज-उल-इंशा – बंगाल का इतिहास

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कश्मीर के किस शासक ने जजिया और गौ हत्या को समाप्त किया?**

(a) जैनुल आबीदीन (b) सिकंदर शाह
(c) शम्सुद्दीन शाह (d) हैदर शाह

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (a),** जैनुल आबीदीन अलीशाह का भाई और कश्मीर का सुल्तान था। जैनुल आबीदीन ने अन्य क्षेत्रों में भी सहिष्णुता की उदार नीति अपनाई। उसने जजिया कर हटा दिया।

**व्याख्याः** आबीदीन को उसके द्वारा किये गए जनप्रिय कार्यों के कारण कश्मीर का अकबर कहा जाता है। मूल्य नियंत्रण की पद्धति चलाने के कारण ही उसे कश्मीर का अलाउद्दीन खिलजी भी कहा गया है। जैनुल आबीदीन को कश्मीरी अभी भी 'बड़शाह' (महान सुल्तान) के नाम से पुकारते हैं। वह 'कुतुब' उपनाम से फारसी में कविताएं भी लिखा करता था।

**53. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) गुलबदन बेगम – बाबर का पुत्र
(b) इल्तुतमिश – रजिया के पिता
(c) हमीदा बानो बेगम – अलाउद्दीन खिलजी की पत्नी
(d) शाह तुर्कान – इल्तुतमिश की पत्नी

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** सही सुमेलित नहीं है

हमीदा बानू बेगम अलाउद्दीन खिलजी की पत्नी नहीं थी वह बादशाह हुमायूं की पत्नी थी। वह तीसरे मुगल बादशाह अकबर की मां थी।

**व्याख्याः** हमीदा बानो बेगम ने ही नई दिल्ली के 'दीनपनाह' अर्थात पुराने किले के निकट 'हुमायूं के मकबरे' का निर्माण करवाया था।

❖ **गुलबदन बेगमः** गुलबदन बेगम प्रथम मुगल बादशाह बाबर की पुत्री और हुमायूं की बहन थी।
❖ **इल्तुतमिशः** इल्तुतमिश दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक कहलाता है
❖ **शाह तुर्कानः** यह इल्तुतमिश का पति है।

**82. निम्नलिखित पेशवाओं के शासन काल पर विचार कीजिए तथा उन्हें कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

1. बालाजी विश्वनाथ 2. बाजीराव
3. नारायण राव 4. माधव राव

**नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कूटः**

(a) 2, 1, 4, 3 (b) 1, 2, 4, 3
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** पेशवाओं का सही कालक्रम है बालाजी विश्वनाथ बाजीराव नारायण राव, माधव राव

❖ बाला जी विश्वनाथ - 17 नवंबर 1713 - 12 अप्रैल 1720
❖ बाजीराव प्रथम - 12 अप्रैल 1720- 28 अप्रैल 1740
❖ नारायण राव - 18 नवंबर 1772- 30 अगस्त 1773
❖ माधव राव प्रथम - 23 जून 1761- 18 नवंबर 1772
❖ मराठा साम्राज्य में पेशवा का पद पहले वंशगत नहीं था, लेकिन बालाजी बाजीराव ने 1749 ई. में महाराज शाहू की मृत्यु के बाद पेशवा पद को वंशागत बना दिया था।

**108. 'खरीतादार' कौन था?**

(a) अधिकारी जो हिसाब-किताब में प्रवीण होता था।
(b) फरमानों को भेजने वाला अधिकारी।
(c) शाहीमहल का प्रधान संरक्षक।
(d) परगना का प्रमुख अफसर।

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (b),** आयोग के अनुसार खरीतादार फरमानों को भेजने वाला अधिकारी था।

**व्याख्याः** एसके पांडेय की पुस्तक में खरीतादार को शीशमहल का प्रधान संरक्षक बताया गया है।

# आधुनिक भारत

**प्रश्नः 1857 में बरेली उत्तर प्रदेश में क्रांति का नेता कौन था?**

(a) हजरत महल (b) नाना साहब
(c) खान बहादुर खां (d) कुंवर सिंह

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** खान बहादुर खां 1857 में बरेली में विद्रोह का नेता थे।

**व्याख्याः** खान बहादुर खां का जन्म 1791 में हुआ था। खान बहादुर खां रूहेला सरदार हाफिज रहमत खां के वंशज थे। मेरठ में 10 मई 1857 को क्रांति हुई। 31 मई को सूबेदार बख्त खां के नेतृत्व में विद्रोह की शुरुआत हुई। इन्हें बख्त खां के नाम से जाना जाता है।

**प्रश्नः 1918 के संयुक्त प्रांत किसान सभा का गठन निम्न में से किस नेता ने किया था?**

(a) पं. जवाहर लाल नेहरू ने
(b) बाबा रामचन्द्र ने
(c) स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने
(d) इंद्र नारायण द्विवेदी ने

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** इंद्रनारायण द्विवेदी ने फरवरी, 1918 ई. में सयुंक्त प्रांत किसान सभा की स्थापना की थी।

**व्याख्याः** इन्द्रनारायण द्विवेदी उत्तर प्रदेश किसान सभा का गठन फरवरी 1918 में हुआ था।

- ❖ गौरी शंकर मिश्रा, इंद्र नारायण द्विवेदी, और मदन मोहन मालवीय 'यूपी किसान सभा' के गठन से जुड़े थे। बाबा रामचंद्र ने 17 अक्टूबर 1920 को प्रतापगढ़ में अवध किसान सभा का गठन किया।
- ❖ बाबा रामचंद्र महाराष्ट्र के एक ब्राह्मण थे, उन्होंने रामचरित मानस का पाठ किया और किसानों में गर्व की भावना जागृत की।
- ❖ अवध क्षेत्र में, होम-रूल लीग के कार्यकर्ताओं ने जमींदारों और तालुकेदारों के शोषण के विरुद्ध किसानों को संगठित करने का प्रयास किया।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन दिल्ली में वाइसराय लॉर्ड हार्डिंग पर बम फेंकने के लिए उत्तरदायी था?**

(a) युनाईटेड पेट्रियॉटिक संघ
(b) अखिल भारतीय मजदूर संघ
(c) युगांतर
(d) अनुशीलन समिति

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** अनुशीलन समिति लॉर्ड हार्डिंग पर बम फेकने के लिए उत्तरदायी संगठन था।

**व्याख्याः** 30 अप्रैल, 1908 को खुदी राम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने किंग्सफोर्ड की गाड़ी पर बम फेंका गया, यद्यपि इस हमले में वह बच निकला, वह घोड़ा गाड़ी, प्रिंगल कैनेडी नामक बैरिस्टर की पत्नी और बेटी को लेकर जा रही थी, और इस तरह किंग्सफोर्ड अपनी जान बचाकर फरार हो जाने में कामयाब रहे। किंतु इसमें एक अन्य अंग्रेज अफसर के परिजनों की मृत्यु हो गई। इसके बाद खुदीराम बोस को गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत ने उन्हें फाँसी की सजा सुनाई। 11 अगस्त, 1908 को उन्हें फांसी दे दी गई। खुदीराम को, मात्र अठारह वर्ष की आयु में, 11 अगस्त 1908 को फांसी दे दी गई।

**प्रश्नः कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित घटनाओं में से कौन-सी अंतिम थी?**

(a) जलियांवाला बाग हत्याकांड (b) मोपला विद्रोह
(c) खिलाफत आंदोलन (d) होमरूल आंदोलन

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (a),** सही कालक्रम है- जलियांवाला बाग-13 अप्रैल 1919
मोपला विद्रोह – 1921
खिलाफत आंदोलन – 1919
होमरुल आंदोलन – 1916 ई.

**व्याख्याः** 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में आयोजित एक शांतिपूर्ण बैठक में शामिल लोगों पर ब्रिगेडियर जनरल रेगीनाल्ड डायर ने गोली चलाने का आदेश दिया था, वर्ष 1919 की शुरुआत में अली बंधुओं, मौलाना अबुल कलाम आजाद (Maulana Abul Kalam Azad), अजमल खान और हसरत मोहानी के नेतृत्व में अखिल भारतीय खिलाफत समिति का गठन किया गया था ताकि ब्रिटिश सरकार को तुर्की के प्रति अपना रवैया बदलने हेतु मजबूर किया जा सके।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन महिला स्वतंत्रता सेनानी 'भारत छोड़ो आंदोलन' से संबंधित नहीं है?**

(a) मातंगिनी हाजरा (b) कनक लता बरूआ
(c) शांति घोष (d) अरूणा आसफ अली

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** शांति घोष भारत छोड़ो आंदोलन से संबंधित नहीं थी।

**व्याख्याः** कनकलता बरुआ असम के सोनितपुर जिले के गोहपुर की रहने वाली थीं। स्थानीय लोग उन्हें 'बीरबाला' के नाम से जानते हैं, 20 सितंबर, 1942 को भारी संख्या में लोग गोहपुर पुलिस चौकी पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने के लिये पहुंच रहे थे। उनका उद्देश्य पुलिस चौकी पर लगे यूनियन जैक को उतार कर भारतीय झंडा फहराना था।

- ❖ कनकलता महिलाओं के समूह का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। थाने के दरोगा के धमकी देने पर भी वो नहीं मानी और झंडा लेकर आगे बढ़ती रहीं। आखिरकार वो पुलिस की गोली का शिकार हुईं और शहीद हो गईं। कमलादेवी चट्टोपाध्याय नमक सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन से ही राजनीति में सक्रिय रहीं थीं।

# कला एवं संस्कृति

**प्रश्नः संगीत की टप्पा शैली निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट के दरबार में परिष्कृत एवं विकसित हुई?**

(a) जहांगीर (b) अकबर
(c) शाहजहां (d) मुहम्मद शाह

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** इसका उद्भव उत्तर-पश्चिम भारत के ऊट सवारों के लोक गीतों से हुआ था लेकिन सम्राट मुहम्मद शाह के मुगल दरबार में प्रवेश करने पर इसे अर्द्ध-शास्त्रीय स्वरीय विशेषता के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

**व्याख्याः** टप्पा मध्ययुग मे विकसित एक प्रसिद्ध गायन शैली है। टप्पा की उत्पत्ति के विषय में ऐसी मान्यता है कि पंजाब के उतर-पश्चिम प्रान्त में ऊंट पर चलने वाले व्यापारी जो गीत गाया करते थे, उन्ही के आचार पर इस शैली का विकास हुआ। टप्पा की बंदिश पंजाबी भाषा के अतिरिक्त फारसी, हिंदी, उर्दू और मिश्र भाषा में होती है। पंजाबी के बोलों के साथ स्थानीय भाषाओं के कुछ शब्द मिलाए जाते हैं। इन गीतों में श्रृंगार व रस की प्रधानता है।

**प्रश्नः पुराणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

1. विष्णु पुराण से मौर्य वंश की जानकारी मिलती है।
2. वायु पुराण गुप्त वंश की शासन व्यवस्था पर प्रकाश डालता है।

(a) 1 तथा 2 दोनों (b) केवल 1
(c) केवल 2 (d) न तो 1 न ही 2

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (a),** दोनों कथन सत्य है। विष्णु पुराण से मौर्य वंश की तथा वायु पुराण से गुप्त वंश की शासन व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**व्याख्याः** 18 पुराण हैं जिनके नाम है- ब्रह्म पुराण, पद्म पुराण, विष्णु पुराण, वायु पुराण, भागवत पुराण, नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्म वैवर्त पुराण, लिङ्ग पुराण, वाराह पुराण, स्कंद पुराण, वामन पुराण, कूर्म पुराण, मत्स्य पुराण, गरुड़ पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण। मत्स्य पुराण हिंदू धर्म में संस्कृत साहित्य की पुराण शैली में सबसे पुराना है।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म ( दर्शन - प्रचारक ) सही सुमेलित है?**

(a) उत्तर मीमांसा - कपिल (b) मीमांसा - कण्व (कनद)
(c) न्याय - गौतम (d) वैशेषिक - पतंजलि

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** न्याय दर्शन के प्रतिपादक गौतम थे।

**व्याख्याः**

| दर्शन | प्रवर्तक |
|---|---|
| सांख्य | कपिल इसमें सत्कार्यवाद, विकासवाद तथा भौतिकता के साथ-साथ संख्या आधारित आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता प्रसिद्ध है। |
| योग | पतंजलि<br>यू.एन.ओ. द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। |
| चार्वाक | चार्वाक |
| न्याय | गौतम |
| वैशेषिक | कणाद |
| पूर्व मीमांसा | जैमिनी |
| उत्तर मीमांसा | बादरायण |

**प्रश्नः सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।**

| सूची I ( भवन ) | सूची II ( निर्माणकर्त्ता ) |
|---|---|
| (A) सुलतान गढ़ी | 1. अलाउद्दीन खिलजी |
| (B) लाल महल | 2. कुतुबुद्दीन ऐबक |
| (C) जमात खाना मस्जिद | 3. इल्तुतमिश |
| (D) ढ़ाई दिन का झोपड़ा | 4. बलबन |

| कूटः | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2022**

**उत्तरः (d), सुल्तान गढ़ीः** सुल्तान गढ़ी का मकबरा कुतुब मीनार से लगभग 8 किमी दक्षिण पश्चिम में स्थित है।

**व्याख्याः** इसे 1231 में सुल्तान इल्तुतमिश ने अपने सबसे बड़े बेटे राजकुमार नसीरुद-दीन महमूद के अवशेषों पर बनवाया था।

- ❖ **लाल महलः** लाल महल को लाल महल के नाम से भी जाना जाता है, जिसे दक्षिणी दिल्ली के निजामुद्दीन बस्ती में गयासुद्दीन बलबन ने बनवाया था।
- ❖ इसमें एक बार मोरक्को के यात्री इब्न बतूता को रखा गया था जिन्होंने अपने संस्मरणों में इसके बारे में लिखा था। लेकिन 2008 में इसे आंशिक रूप से ढहा दिया गया था।
- ❖ **जमात खाना मस्जिदः** सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी (खिलजी राजवंश) के पुत्र खिज्र खान द्वारा निर्मित, मस्जिद निजामुद्दीन बस्ती दरगाह के घेरे में सबसे बड़ी संरचना है।

# उत्तर प्रदेश विशेष

**प्रश्नः ''उत्तर प्रदेश की संस्कृति का एक ऐतिहासिक पूर्वकाल है।'' इसमें निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित है?**

1. बुद्ध 2. राम
3. नवाब 4. महाराज

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कूटः** (a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 3, 4 और 1 (d) 4, 1 और 2

**U.P.P.C.S. (Mains) 2017 Paper-I**

**उत्तरः (a),** उत्तर प्रदेश की संस्कृति के ऐतिहासिक पूर्वकाल में बुद्ध, राम तथा नवाब सम्मिलित हैं।

**प्रश्नः भारत में नलकूप एवं कूप से सिंचित अधिकतम क्षेत्रवाला राज्य है-**

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) पंजाब

**U.P.P.C.S. (Mains) 2017 Paper-I**

**उत्तरः (a),** देश में नलकूपों तथा कूप द्वारा सिंचित अधिकतम क्षेत्रफल वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश 71.2%, भू-भाग की नलकूपों द्वारा सिंचाई की जाती है। यहां कुएं के माध्यम से सिंचित क्षेत्रफल 18.97 लाख हेक्टेयर है।

**प्रश्नः सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

| **सूची-I (कांग्रेस अधिवेशन का वर्ष)** | | **सूची-II (उ.प्र.में कांग्रेस अधिवेशन का स्थान)** |
|---|---|---|
| A. 1892 | - | लखनऊ |
| B. 1905 | - | इलाहाबाद |
| C. 1935 | - | मेरठ |
| D. 1946 | - | वाराणसी |

| **कूटः** | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**U.P.P.C.S. (Mains) 2006 Paper-I**

**उत्तर (c) :** सही सुमेलित है-

| **वर्ष** | **स्थान** | **कांग्रेस अध्यक्ष** |
|---|---|---|
| 1892 | इलाहाबाद | व्योमेश चंद्र बनर्जी |
| 1905 | वाराणसी | गोपाल कृष्ण गोखले |
| 1935 | अधिवेशन नहीं हुआ | राजेन्द्र प्रसाद अध्यक्ष बने रहे |
| 1936 | लखनऊ | जवाहरलाल नेहरू |
| 1946 | मेरठ | जे.बी. कृपलानी |

**प्रश्नः गाजियाबाद जनपद में आलमगीरपुर से प्राप्त पुरातत्त्वीय सामग्री प्रतिविम्बित करती है।**

(a) हड़प्पा संस्कृति (b) वैदिक संस्कृति
(c) मौर्य संस्कृति (d) गुप्तकालीन संस्कृति

**U.P.P.C.S. (Mains) 2005 Paper-I**

**उत्तरः (a),** यद्यपि उत्तर प्रदेश में हड़प्पा या मोहनजोदड़ो जैसी खोजें अभी प्रकाश में नहीं आई हैं तथापि आलमगीरपुर में जो पुरातात्विक वस्तुएं मिली हैं। ये इस प्रदेश को हड़प्पाकाल के इतिहास से जोड़ती है। ज्ञातव्य है कि 1959 में मेरठ जिले में हिंडन नदी के किनारे आलमगीरपुर में तथा 1960 में बुलन्दशहर जिले के भटपुरा में की गई खोजों से यह सिद्ध हो गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र में हड़प्पाकालीन संस्कृति फैली हुई थी।

**प्रश्नः 'सुलहकुल' त्योहार आयोजित किया जाता है।**

(a) आगरा में (b) अलीगढ़ में
(c) इटावा में (d) बाराबंकी में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2005 Paper-I**

**उत्तरः (B),** आगरा शहर में हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक 'सुलहकुल' उत्सव आयोजित किया जाता है। उत्तर प्रदेश कबीर मेला-मगहर में, रामायण मेला चित्रकूट में, देवा मेला बाराबंकी में आयोजित किया जाता है।

**प्रश्नः 15वां प्रवासी भारतीय दिवस जनवरी, 2019 में किस शहर में आयोजित होगा?**

(a) वाराणसी में (b) वड़ोदरा में
(c) जयपुर में (d) पुणे में

**U.P.P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तरः (a),** 15वां भारतीय प्रवासी दिवस उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में 2019 में आयोजित किया गया था।

**प्रश्नः निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) हारमोनियम वादक - श्रीराम श्रीवास्तव
(b) ब्रज - रास नृत्य
(c) मिर्जापुर - बिरहा
(d) गायकी - मुबारक अली खां

**U.P.P.C.S. (Mains) 2017**

**उत्तरः (a),** रास नृत्य का संबंध ब्रज क्षेत्र से है। मिर्जापुर में बिरहा लोकगीत की विधा प्रचलित है। मुबारक अली खां गायकी से संबंधित हैं। अतः विकल्प (a) सही होगा। श्रीराम श्रीवास्तव प्रसिद्ध वायलिन वादक थे।

**प्रश्नः 'लठमार होली' मनाई जाती है:**

(a) वृन्दावन में (b) बरसाना में
(c) मथुरा में (d) गोकुल में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2016**

# भारत का भूगोल

भौतिक भूगोल

सामाजिक भूगोल

आर्थिक भूगोल

उत्तर प्रदेश विशेष

# भौतिक भूगोल

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सा एक ( दर्रा - राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ) सही सुमेलित है?**

(a) माना - हिमाचल प्रदेश
(b) अघिल - अरुणाचल प्रदेश
(c) नीति - उत्तराखंड
(d) दीफू - लद्दाख

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** नीति दर्रा भारत के उत्तराखंड राज्य को तिब्बत से जोड़ने वाला एक प्रमुख दर्रा है

**व्याख्याः** "पहाड़ियों एवं पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले आवागमन के प्राकृतिक मार्गो को दर्रा कहा जाता है।

भारत के प्रमुख दर्रे निम्नलिखित है

कराकोरम दर्रा- जम्मू-कश्मीर

जोजीला दर्रा- जम्मू - कश्मीर

बनिहाल दर्रा- जम्मू - कश्मीर

लिपुलेख दर्रा- उत्तराखण्ड

नाथूला दर्रा- सिक्किम

**प्रश्नः निम्नलिखित में से किस स्थान पर अलकनंदा एवं भागीरथी नदी मिलती है?**

(a) देव प्रयाग (b) कर्ण प्रयाग
(c) रूद्र प्रयाग (d) विष्णु प्रयाग

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (a),** देवप्रयाग उत्तराखण्ड राज्य के टिहरी जिले में स्थित एक नगर एवं प्रसिद्ध तीर्थस्थान है। यह अलकनंदा तथा भागीरथी नदियों के संगम पर स्थित है।

**व्याख्याः** इसी संगम स्थल के बाद इस नदी को पहली बार 'गंगा' के नाम से जाना गया। गंगा नदी का निर्माण उत्तराखण्ड में दो नदियों की संयुक्त धाराओं के मिलने से होता है। ये दो धाराएं हैं- भागीरथी नदी और अलकनंदा नदी।

- ❖ अलकनंदा नदी– अलकनंदा नदी का निर्माण दो नदियों के संयुक्त धाराओं के मिलने से होता है– धौली गंगा नदी और विष्णु गंगा नदी।
- ❖ धौली गंगा नदी और विष्णु गंगा नदी सतोपथ हिमानी से निकलती हैं। ये दोनों नदियां विष्णु प्रयाग में आपस में मिल जाती हैं।
- ❖ धौली गंगा नदी और विष्णु गंगा नदी विष्णु प्रयाग में मिलकर अलकनंदा नदी का निर्माण करती है।
- ❖ विष्णु प्रयाग से आगे कर्ण प्रयाग में पिंडार नदी अलकनंदा नदी से आकर मिल जाती है।
- ❖ रूद्र प्रयाग में अलकनंदा नदी से मंदाकिनी नदी आकर मिलती है।
- ❖ रूद्र प्रयाग से आगे देव प्रयाग में अलकनंदा नदी से भागीरथी नदी आकर मिलती है।
- ❖ भागीरथी नदी और अलकनंदा नदी की संयुक्त धारा गंगा नदी कहलाती है।

**प्रश्नः भारत की प्रमुख नदियों व उनके उद्गम स्थलों के जोड़े बनाइये-**

| नदियां | उद्गम स्थल |
|---|---|
| (A) यमुना | (1) सिहावा |
| (B) कृष्णा | (2) नासिक |
| (C) गोदावरी | (3) महाबलेश्वर |
| (D) महानदी | (4) यमुनोत्री |

**कूटः**

(a) A-(4), B-(2), C-(3), D-(1)
(b) A-(4), B-(2), C-(1), D-(3)
(c) A-(1), B-(2), C-(3), D-(4)
(d) A-(4), B-(3), C-(2), D-(1)

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** सही सुमेलित है

यमुना - यमुनोत्री

कृष्णा - पश्चिमी घाट के पर्वत महाबलेश्वर से निकलती है।

गोदावरी - इसकी उत्पत्ति पश्चिमी घाट में त्रयंबक पहाड़ी से हुई है। यह महाराष्ट्र में नासिक जिले से निकलती है।

महानदी - यह छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में सिहावा के निकट निकलती है।

**व्याख्याः** महानदी प्रणाली ओडिशा राज्य की सबसे बड़ी नदी और प्रायद्वीपीय भारत की तीसरी सबसे बड़ी (गोदावरी और कृष्णा नदी के बाद) नदी है। इस नदी का जलग्रहण क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और महाराष्ट्र तक विस्तारित है। गोदावरी की उपनदियों में प्रमुख हैं प्राणहिता, इंद्रावती, मांजरा। कृष्णा नदी की उपनदियों में प्रमुख हैं: कोयना, पंचगंगा, दूधगंगा, तुंगभद्रा, घाटप्रभा, मालप्रभा, मसी और भीमा है।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सा ( सहायक नदी - नदी ) सही सुमेलित नहीं है?**

(a) मांजरा - गोदावरी (b) हेमावती - कावेरी
(c) प्राणहिता - महानदी (d) मालप्रभा - कृष्णा

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** प्राणहिता, महानदी की सहायक नदी न होकर, गोदावरी की सहायक नदी है।

# सामाजिक भूगोल

**प्रश्न: 'तमरिया' जनजाति भारत के निम्नलिखित किस राज्य में पायी जाती है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) राजस्थान
(c) झारखंड (d) मध्य प्रदेश

**U.P.P.C.S RO/ARO (Pre) - 2021**

**उत्तर:** (c), तमरिया जनजाति झारखंड राज्य की प्रमुख जनजाति है।

**व्याख्या:** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने झारखंड के तमरिया समुदाय को झारखंड में अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। झारखंड की अन्य प्रमुख जनजातियों में संथाल, पहाड़ियां, मुंडा-हो बिरहोर, उरांव, खड़िया है। प. बंगाल में असुर, भूमिज, बिरहोर, लेस्था आदि जनजाति पाई जाती है।

**प्रश्न: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I (जनजातियां) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| A. जारवा | 1. उत्तर प्रदेश |
| B. कूकी | 2. मध्य प्रदेश |
| C. थारु | 3. मणिपुर |
| D. गोंड | 4. अण्डमान और निकोबार |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**U.P.P.C.S. BEO (Pre) - 2020**

**उत्तर: (b),** विकल्प b सही सुमेलित है।-

- ❖ **जारवा:** जारवा, भारत के अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की एक प्रमुख जनजाति है।
- ❖ **कूकी:** मणिपुर में नगा, कूकी और मैती सहित कई जातीय समुदाय निवास करते हैं।
- ❖ **थारू:** ये नेपाल और भारत के सीमावर्ती तराई क्षेत्र में पायी जाने वाली एक जनजाति हैं। भारतीय तराई क्षेत्र में ये अधिकाशंत: उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार में रहते हैं।
- ❖ **गोंड:** गोंड मध्य प्रदेश की सबसे महत्त्वपूर्ण जनजाति है।

**प्रश्न: निम्नलिखित जनजातियों में से कौन-सा भारत के अण्डमान और निकोबार द्वीप समूहों की मूल निवासी नहीं है?**

(a) हालचू (b) रेंगमा
(c) ओन्जे (d) शोम्पेन

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2020**

**उत्तर: (b),** रेंगमा जनजाति नागालैंड की मूल निवासी है, जबकि अंडमान और निकोबार छह आदिवासी जनजातियों अंडमानी, ओंगे, जरावा, सेंटिनली, निकोबारी और शोम्पेन का निवास स्थान रहा है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह एक समृद्ध जैव विविधता का क्षेत्र होने के अलावा, कई आदिवासीयों एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का भी घर है, जिनमें से कुछ विलुप्त होने के कगार पर हैं।

- ❖ पिछले कुछ वर्षों में इन द्वीप समूहों के लिये आर्थिक उद्देश्यों के साथ-साथ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सैन्यीकरण के लिये काफी परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं।
- ❖ भारत को एक समुद्री शक्ति बनाने के लिये इन द्वीपों में जितनी क्षमता है उतना ही इन द्वीपों का पारिस्थितिक महत्त्व भी है; इसे कम करने नही आंका जाना चाहिये। अत: इन द्वीपों का संतुलित विकास योजना ही अंतिम समाधान है।

**प्रश्न: सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (A) गद्दीस | 1. मेघालय |
| (B) टोडा | 2. हिमाचल प्रदेश |
| (C) खासी | 3. मणिपुर |
| (D) नागा | 4. तमिलनाडु |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**U.P.P.C.S. (Mains) - 2017 Paper-I**

**उत्तर: (d),** गद्दी हिमाचल प्रदेश के ऋतुप्रवास करने वाली जनजाति है।

**व्याख्या:** टोडा जनजाति तमिलनाडु में गारो तथा खासी, मेघालय में एवं नागा, कुकी मणिपुर में पाई जाने वाली प्रमुख जनजाति है।

**प्रश्न: अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कथन (A):** भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या बहुत कम है।

**कारण (R):** भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में कृषि के अन्तर्गत भूमि का प्रतिशत बहुत कम है।

**कूट:**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही है एवं (R), (A) की व्याख्या करता है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही है, किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

**U.P.P.C.S. (Mains) - 2017 Paper-I**

# आर्थिक भूगोल

**प्रश्नः शिवसमुद्रम एवं कलपक्कम क्रमशः किसलिए महत्वपूर्ण हैं?**

(a) ताप ऊर्जा एवं नाभिकीय ऊर्जा
(b) जल शक्ति एवं नाभिकीय ऊर्जा
(c) नाभिकीय ऊर्जा एवं जल शक्ति
(d) सौर शक्ति एवं नाभिकीय ऊर्जा

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (b),** शिवसमुद्रम कावेरी नदी पर स्थित जल विद्युत परियोजना है जबकि कलपक्कम परमाणु ताप विद्युत गृह है।

**व्याख्याः** भारत की पहली जल विद्युत परियोजना शिवसमुद्रम (कर्नाटक) है। भारत का तीसरा परमाणु बिजलीघर चेन्नई के निकट कलपक्कम में स्थापित किया गया। देश का चौथा परमाणु बिजलीघर गंगा नदी के तट पर नरोरा (उत्तर प्रदेश) में स्थापित किया गया। भारत ने परमाणु युग में 4 अगस्त, 1956 में उस समय प्रवेश किया जब देश के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' का शुभारंभ किया गया।

**प्रश्नः खनिज संपदा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में लिथियम के अनुमानित संपदा भंडार मिले हैं।
2. भारत अनेक खनिजों यथा लिथियम, निकेल तथा कोबाल्ट के लिए आयात पर निर्भर है।

**नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कूटः**

(a) केवल 2 (b) केवल 1
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में लिथियम के 59 लाख टन के विशाल भंडार का पता चला है।

**व्याख्याः** लिथियम एक अलौह धातु है, जिसका उपयोग मोबाइल-लैपटॉप, इलेक्ट्रिक वाहन और अन्य चार्जेबल बैटरी बनाने में किया जाता है। लिथियम का इस्तेमाल ईवी में लगने वाली बैटरी में होता है। वर्तमान में अधिकतर ईवी लिथियम आयन बैटरी का इस्तेमाल किया जाता है। राजस्थान के डेगाना में लिथियम के भंडार का पता लगाया गया है।

❖ खनन के साथ-साथ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के अधिकारियों ने कहा कि भंडार हाल ही में जम्मू और कश्मीर में पाए गए भंडार से अधिक बड़ा है। अधिकारियों का मानना है कि यहां लिथियम की मात्रा देश की 80 फीसदी मांग को पूरा कर सकती है।

**प्रश्नः निम्न राज्यों में से कौन ट्यूब-वैल सिंचाई के क्षेत्र में सर्वोच्च है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) पंजाब (d) हरियाणा

**U.P.P.C.S RO/ARO (Pre) - 2021**

**उत्तरः (a),** भारत में कुओं से सिंचित क्षेत्र का सबसे बड़ा हिस्सा यानी 28 प्रतिशत उत्तर प्रदेश का है।

**व्याख्याः** उसके बाद राजस्थान (10 प्रतिशत), पंजाब (8.65 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8 प्रतिशत), गुजरात (7.3 प्रतिशत), बिहार, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान है। 3. गुजरात में कुल सिंचित क्षेत्र के 82 प्रतिशत हिस्से में कुएँ से सिंचाई होती है।

❖ भारत में सिंचाई मुख्य तौर से भूमिगत जल के कुओं पर आधारित हैद्य देश में कुल सिंचित क्षेत्र के 67 प्रतिशत हिस्से यानी 3.9 करोड़ हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई इसी प्रणाली से होती है। इस प्रणाली से सिंचाई करने वाले देशों में चीन (1.9 करोड़ हेक्टेयर) दूसरे और अमेरिका (1.7 करोड़ हेक्टेयर) तीसरे स्थान पर है।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन सा लौह-इस्पात संयंत्र नदी तट पर स्थित नहीं है?**

(a) भिलाई (b) बोकारो
(c) जमशेदपुर (d) भद्रावती

**U.P.P.C.S RO/ARO (Pre) - 2021**

**उत्तरः (a),** भिलाई लौह-इस्पात सयंत्र नदी तट पर स्थित नहीं है, जबकि बोकारो, जमशेदपुर और भद्रावती लौह-इस्पात सयंत्र नदी तट पर स्थित है।

**व्याख्याः** भिलाई इस्पात संयंत्र भारत के छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित एक इस्पात कारखाना है। यह भारत का पहला इस्पात उत्पादक संयंत्र है और यह मुख्यतः रेलों का उत्पादन करता है। इस संयंत्र की स्थापना सोवियत संघ की सहायता से 1955 में हुई थी। इस कारखाने की स्थापना दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-61)के अंतर्गत की गई थी।

❖ बोकारो स्टील प्लांट भारत का सार्वजनिक क्षेत्र का इस्पात संयत्र है जो कि सोवियत संघ के सहयोग से बनाया गया था। यह झारखण्ड के बोकारो में स्थित है। यह संयंत्र भारत के प्रथम स्वदेशी इस्पात संयंत्र के रूप में जाना जाता है। सन् 1964 में यह एक लिमिटेड कंपनी के रूप में निगमित किया गया था।

❖ जमशेदपुर स्थित इस कारखाने की स्थापना 1907 में की गयी थी। यह दुनिया की पांचवी सबसे बडी इस्पात कंपनी है जिसका का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

❖ भद्रावती लौह-इस्पात कर्नाटक में स्थित है इसकी स्थापना 1923 में की गई थी।

# उत्तर प्रदेश विशेष

**प्रश्नः उत्तर प्रदेश के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 12.8% वन है।
2. जौनपुर, गाजीपुर और बलिया जिलों में कोई वन भूमि नहीं है।

**नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कूटः**

(a) न तो 1 न ही 2 (b) 1 एवं 2 दोनों
(c) केवल 2 (d) केवल 1

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** उत्तर प्रदेश राज्य के कुल क्षेत्रफल का कुल वन क्षेत्र राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 6.88% है। कुल भौगोलिक क्षेत्र का वन और वृक्ष आवरण 9.01% है।

**प्रश्नः उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?**

(a) हमीरपुर (b) हरदोई
(c) हाथरस (d) हापुड़

**U.P.P.C.S. (Pre) 2021**

**उत्तरः (d),** क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा जिला हापुड़ है, जिसका क्षेत्रफल 660 वर्ग किमी. है। तत्कालीन मुख्यमंत्री कुमारी मायावती ने 28 सितंबर, 2011 को हापुड़ को पंचशील नगर नाम से एक जिला के रूप में घोषित किया। जुलाई 2012 मे माननीय मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसका नाम बदलकर 'हापुड़ जिला' रखा। हापुड़ की कुल आबादी 13,28,322 है। इसको स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब बनाने के विनिर्माण केंद्र के रूप में उल्लेख किया गया है। हापुड़ पापड़, पेपर शंकु और ट्यूबों के लिए भी प्रसिद्ध है।

| उत्तर प्रदेश से सम्बंधित अन्य प्रमुख तथ्य | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी जिला | बलिया |
| उत्तर प्रदेश का सबसे पश्चिमी जिला | शामली |
| उत्तर प्रदेश का सबसे उत्तरी जिला | सहारनपुर |
| उत्तर प्रदेश का सबसे दक्षिणी जिला | सोनभद्र |
| उ.प्र. का सबसे बड़ा जिला (क्षेत्रफल में) | लखीमपुर खीरी (7,680 वर्ग किमी.) |
| उ.प्र. का सबसे छोटा जिला (क्षेत्रफल में) | हापुड़ (660 वर्ग किमी.) |
| सहारनपुर से सटे राज्यों की संख्या | 3 (हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड) |
| उत्तर प्रदेश में कृषि जलवायु क्षेत्र | 9 |
| उत्तर प्रदेश में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदियाँ | गंगा, यमुना, रामगंगा, गोमती और घाघरा |
| उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी नहर प्रणाली | शारदा नहर |

**प्रश्नः उत्तर प्रदेश की निम्नलिखित नदियों में कौन-सी पर्यावरण प्रदूषण के कारण 'जैविक आपदा' घोषित हो गयी है?**

(a) यमुना (b) गोमती
(c) सई (d) तमसा

**U.P.P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तरः (b),** गोमती नदी फुल्हर झील (पीलीभीत) से निकलती है। यह मैदानी क्षेत्र से निकलने वाली नदी है। वर्तमान में यह उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में से एक है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के सर्वे (पहली बार गोमती का सर्वेक्षण) में गोमती नदी जल का pH मान ज्यादा पाया गया तथा समुद्र तटीय स्थानिक सूक्ष्म जीव इसके जल में पाये गए हैं। इसे वर्तमान में पारिस्थितिकी आपदा अथवा जैविक आपदा घोषित किया गया है। सई नदी गोमती नदी की सहायक नदी है। यह भी प्रदूषित नदियों में से एक है।

**प्रश्नः उत्तर प्रदेश में 'पूर्वांचल एक्सप्रेस मार्ग 'निम्नलिखित में किस नगर से नहीं गुजरेगा?**

(a) फैजाबाद (b) बस्ती
(c) आजमगढ़ (d) मऊ

**U.P.P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तरः (b),** उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आरम्भ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़ तथा मऊ होते हुए गाजीपुर तक जाता है।

**प्रश्नः उत्तर प्रदेश में कितने कृषि जलवायु क्षेत्र पाए जाते हैं?**

(a) 3 (b) 6
(c) 9 (d) 12

**U.P.P.C.S. (Pre) 2017**

**उत्तरः (c),** उत्तर प्रदेश को 9 कृषि जलवायु प्रदेशों यथा- तराई, पश्चिमी मैदान, मध्य पश्चिमी मैदान, मध्य मैदान, दक्षिण-पश्चिम अर्द्ध शुष्क क्षेत्र, बुंदेलखण्ड, उत्तर-पूर्वी मैदान, पूर्वी मैदान तथा विंध्यन पहाड़ी क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

**प्रश्नः उत्तर प्रदेश में कोयले के भण्डार पाए जाते हैं-**

(a) विन्ध्य क्षेत्र में (b) सिंगरौली क्षेत्र में
(c) बुन्देलखण्ड क्षेत्र में (d) उपरोक्त सभी में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2017 Paper-I**

**उत्तरः (*),** सोनभद्र के सिंगरौली क्षेत्र में कोयले के भण्डार पाए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि कोयले के भण्डार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का देश में आठवां स्थान है।

**प्रश्नः एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर अवस्थित है?**

(a) खतौली (b) बलरामपुर
(c) बुलन्दशहर (d) नजीबाबाद

**U.P.P.C.S. (Pre) 2016**

# विश्व का भूगोल

भौतिक भूगोल

सामाजिक भूगोल

आर्थिक भूगोल

# भौतिक भूगोल

**प्रश्नः एक भौगोलिक इकाई जो पानी को इकट्ठा करती है, भंडारण करती है एवं पानी छोड़ती है, उसे कहते हैं-**

(a) आर्द्र भूमि (b) व्यर्थ भूमि
(c) पानी का हौज (d) जल विभाजक

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (d),** जल विभाजक जल का संग्रहण, भण्डारण और उसे छोडती है।

**व्याख्याः** जल विभाजक एक ऊंचा क्षेत्र होता है जैसे पहाड़ या ऊपरी भूमि जो दो पड़ोसी जल अपवाह द्रोणियों को अलग करती है।

- ❖ जल विभाजन का कार्य दो पड़ोसी जल अपवाह द्रोणियों को अलग करना है।
- ❖ भारत में जल विभाजक के उदाहरण निम्नलिखित हैं: हरियाणा का अंबाला क्षेत्र, सिंधु जल अपवाह द्रोणी और गंगा जल अपवाह द्रोणी के बीच जल विभाजक के रूप में कार्य करता है।

**प्रश्नः निम्नलिखित रेगिस्तानों पर विचार कीजिए तथा उन्हें उनके आकार के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिये ( सबसे छोटे से सबसे विस्तृत तक )-**

1. ग्रेट सैण्डीमरुस्थल
2. अरेबियन मरुस्थल
3. सहारा मरुस्थल
4. गोबी मरुस्थल

**नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1, 4, 2, 3 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 2, 1, 4, 3 (d) 1, 2, 4, 3

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),**

**प्रश्नः ''अल-नीनो'' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. अल-नीनो में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में पेरु के तट पर गर्म धाराओं का प्रकट होना शामिल है।
2. यह गर्म धारा पेरु के तट पर पानी के तापमान को 10°C तक बढ़ा देती है, जिसमें समुद्र में प्लैंकटन की मात्रा बढ़ जाती है।

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कूटः**

(a) केवल 2 (b) 1 एवं 2 दोनों
(c) केवल 1 (d) न तो 1 न ही 2

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (c),** अल-नीनो प्रशांत महासागर में असामान्य रूप से गर्म पानी की मौजूदगी के जलवायु प्रभाव का नाम है। अल-नीनो के दौरान, मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सतह का पानी असामान्य रूप से गर्म होता है।

**व्याख्याः** अल-नीनो दक्षिणी दोलन (El Nino Southern Oscillation- ENSO) घटना का सामान्य से अधिक ऊष्म चरण है, अल-नीनो घटना के दौरान, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी तट से भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान (SST) दीर्घकालिक औसत से कम से कम 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म होता है। अल-नीनो एवं ला-नीना (El Nino and La Nina) जटिल मौसम पैटर्न हैं, जो विषुवतीय प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में समुद्र के तापमान में भिन्नता के कारण घटित होते हैं।

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) पृथ्वी पर प्रतिदिन ठीक 12 घंटे 30 मिनट बाद ज्वार आता है।
(b) बेगुएला प्रशांत महासागर की एक ठंडी धारा है।
(c) महासागरीय लवणता कर्क एवं मकर रेखाओं पर अधिकतम होती है।
(d) यदि सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा एक सीध में हों तो यह स्थिति लघु ज्वार की स्थिति है।

**U.P.P.C.S. (Pre) - 2023**

**उत्तरः (b),** बेंगुएला की धारा ठंडी जल धारा है। यह दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी तट के सहारे उत्तर की ओर प्रवाहित होती है तथा आगे जाकर दक्षिण विषुवत रेखीय धारा में मिल जाती है।

- ❖ लघु ज्वार प्रत्येक चन्द्रमास के शुक्ल पक्ष तथा कृष्ण पक्ष की सप्तमी-अष्टमी तिथि को उत्पन्न होने वाले ज्वार हैं जो सामान्य ज्वार से कम ऊंचे होते हैं।
- ❖ प्रत्येक चंद्रमास के शुक्ल पक्ष तथा कृष्ण पक्ष की सप्तमी-अष्टमी तिथि को उत्पन्न होने वाले ज्वार हैं जो सामान्य ज्वार से कम ऊंचे होते हैं। इस तिथि को सूर्य तथा चंद्रमा पृथ्वी से समकोणिक स्थिति में होते हैं।

**प्रश्नः सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I ( पर्वत ) | सूची-II ( देश ) |
|---|---|
| (A) किलीमंजारो | (1) मोरक्को |
| (B) टॉब्कल | (2) अल्जीरिया |
| (C) स्टेनली | (3) तंजानिया |
| (D) हॉगर | (4) युगांडा |